भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं . 2398
07 अगस्त, 2026 को जवाब दिया

तेलंगाना के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा उत्पाद

2398. डा. के. लक्ष्मणः

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा उत्पादों, जिनमें पोचमपल्ली इकत, गडवाल साड़ियां, नारायणपेट साड़ियां तथा वारंगल दरियां शामिल हैं, को घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा उत्पादों हेतु वैश्विक बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए भारत के व्यापार समझौतों के अंतर्गत उभरते निर्यात अवसरों का लाभ उठाने का विचार रखती है;

(ग) क्या तेलंगाना के हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु कोई प्रदर्शनियां, क्रेता-विक्रेता सम्मेलन अथवा हथकरघा एक्सपो आयोजित किए जाने की योजना है; और

(घ) इंडिया हैंडलूम ब्रांड तथा जीईएम पोर्टल के माध्यम से तेलंगाना के बुनकरों को क्रेता तक सीधी बाजार पहुंच प्रदान करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ग): वस्त्र मंत्रालय राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत तेलंगाना राज्य के पोचमपल्ली इकत, गडवाल साड़ियाँ, नारायणपेट साड़ियाँ और वारंगल दरियों सहित अखिल भारतीय स्तर पर जी आई हथकरघा उत्पादों के लिए माल के भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के प्रावधानों को बढ़ावा देता है।

इस योजना के तहत, डिज़ाइन/उत्पादों के पंजीकरण, प्रशिक्षण प्रदान करने और जीआई पंजीकरण के प्रभावी प्रवर्तन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

अखिल भारतीय स्तर पर जीआई टैग वाले हथकरघा उत्पादों सहित अन्य हथकरघा उत्पादों को सीधे तौर पर ग्राहकों को बेचने के लिए, मार्केटिंग एक्पो/कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न शिल्प मेलों और दिल्ली हाट कार्यक्रमों आदि में भागीदारी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, हथकरघा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हथकरघा निर्यातकों/बुनकरों की भागीदारी हेतु विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मार्केटिंग कार्यक्रमों/मेलों

जैसे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, बायर-सेलर मीट, रिवर्स बायर-सेलर मीट, बिग टिकट इवेंट्स, भारत टेक्स आदि का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही, सभी जीआई टैग वाले हथकरघा उत्पादों सहित हथकरघा उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग के लिए हथकरघा क्षेत्र को सहयोग प्रदान करने हेतु एक ई-कॉमर्स पोर्टल (https://www.indiahandmade.com/) पहले ही शुरू किया जा चुका है।

(घ): तेलंगाना राज्य के जीआई हथकरघा उत्पादों सहित पूरे भारत के उच्च गुणवत्ता वाले, प्रामाणिक पारंपरिक डिज़ाइनों से युक्त, ज़ीरो डिफेक्ट और पर्यावरण पर ज़ीरो इफेक्ट वाले विशिष्ट हथकरघा उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में इंडिया हैंडलूम ब्रांड (आईएचबी) को लॉन्च किया गया। सरकारी विभागों को हथकरघा वस्तुओं की ऑनलाइन आपूर्ति करने हेतु जीआई पंजीकरण धारकों सहित लगभग 1.50 लाख हथकरघा संस्थाओं को पहले ही सरकारी ई-मार्केट (जेम) पोर्टल पर पंजीकृत किया जा चुका है।

****